दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 29 ⁄ 03 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस वर्ष पहले और दूसरे स्थान पर तीन–तीन विद्यार्थी संयुक्त रूप से रहे हैं, जबकि पांच विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि समस्तीपुर के नरहन जे.पी.एन हाई स्कूल की छात्रा साक्षी कुमारी, बेतिया के भारतीय इंटर कॉलेज की छात्रा अंशु कुमारी और भोजपुर के अगिआंव हाई स्कूल के छात्र रंजन वर्मा ने चार सौ नवासी अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, बक्सर के आदर्श हाई स्कूल के छात्र पुनीत कुमार सिंह, जमुई के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र सचिन कुमार राम और मुंगेर के आर.एन. एंड पी.आर. हाई स्कूल के छात्र प्रियांशु राज चार सौ अट्ठासी अंक लाकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

जारी परिणाम के अनुसार बांका के, बेलहर उत्क्रमिक माध्यमिक स्कूल के छात्र मोहित कुमार, बांका के बेसवरवा उत्क्रमिक माध्यमिक स्कूल के छात्र सुरज कुमार पांडेय, रोहतास के आर.आर. स्कूल की छात्रा खुशी कुमारी, आजमनगर आर.के. हाई स्कूल के छात्र प्रियांशु रंजन और जमुई के सिमुलतला आवासीय विद्यालय के रोहित कुमार ने चार सौ सतासी अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस बार मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा में पन्द्रह लाख अंठावन हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुये थे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में सहायक उर्दू अनुवादक के पद पर चयनित सात सौ पंद्रह अभ्यर्थियों में से पचास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में शेष छह सौ पैंसठ अभ्यर्थियों को जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र दिया।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आज पटना आ रहे हैं। इस दौरान वे पटना और गोपालगंज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री पटना पहुंचने के तुरंत बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक करेंगे। केंद्रीय मंत्री कल गोपालगंज के नये पुलिस लाइन मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वे पटना के बापू सभागार में सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इधर, सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि श्री शाह कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दरभंगा में नवनिर्मित मखाना प्रसंस्करण केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। श्री शाह सहकारी बैंकों के माईक्रो एटीएम का वितरण करेंगे। इसके अलावा वे राज्य के दो पैक्स में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखेंगे।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा।

———————————————————

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया–अठावले के प्रमुख और केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी एनडीए के पक्ष में प्रचार करेगी। श्री अठावले ने आज पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर बोधगया स्थित बीटीएमसी में बौद्ध भिक्षुओं को संपूर्ण प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग भी की।

———————————————————

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए आज विभिन्न कॉलेजों में बनाये गये चालीस मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हो गया। अब से कुछ देर बाद पटना आर्ट कॉलेज केंद्र पर मतगणना शुरू होगी। परिणाम देर रात तक आने की सम्भावना है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।